# श्याम का प्यार मिलेगा | By Shahbaz Khan

मेरे मन में है विश्वास श्याम का प्यार मिलेगा
आज नहीं तो कल मुझे मेरा श्याम मिलेगा

तुझसे मिलने को बाबा हर ग्यारस खाटू आएं
मेरे इस हाल पे बाबा क्यूँ रहम तुझे ना आये
तेरा ये दास बाबा इस दुनिया से है हारा
इसलिए छोड़ दुनिया को तेरे चरणों में है आया
मुझे पक्का है विश्वास श्याम दिलदार मिलेगा
आज नहीं तो कल मुझे मेरा श्याम मिलेगा
मेरे मन में है विश्वास ..........

हमने सुना है बाबा दुःख दूर यही होते है
तेरे दरबार जो आये खुशियों में वो पलते हैं
तूने उसके जीवन को मोती के जैसे निखारा
जिसने भी बाबा सच्चे दिल से है तुझे पुकारा
मैंने है पुकारा श्याम मुझे एक बार मिलेगा
आज नहीं तो कल मुझे मेरा श्याम मिलेगा
मेरे मन में है विश्वास ..........

सुख हो या दुःख हो बाबा हम भजन तेरे गाएंगे
बाकी जे जो भी दिन हो हम संग में तेरे जियेंगे
इस खान को बाबा तूने इस लायक आज बनाया
हंसने वाले के सर को इस खान ने नीचे पाया
जिसने भी रिझाया श्याम उसे एक बार मिलेगा
आज नहीं तो कल मुझे मेरा श्याम मिलेगा
मेरे मन में है विश्वास ..........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%aa%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%b0-%e0%a4%ae%e0%a4%bf%e0%a4%b2%e0%a5%87%e0%a4%97%e0%a4%be-by-shahbaz-khan/